आकाशवाणी श्री विजयपुरम
दिनांक : 13.06.2026
समय : 0705

<><><><><><><><>

1. उपराज्यपाल ने नई दिल्ली में आयोजित सम्मेलन में 'विकसित भारत' दृष्टिकोण के तहत द्वीपसमूह में हुए महत्वपूर्ण परिवर्तनों को रेखांकित किया।
2. भारत एआई मिशन ने कल वार्या नामक एक वीडियो मॉडल की शुरूआत की।
3. अंडमान निकोबार पुलिस ने पुलिस भर्ती में फर्जीवाड़े को लेकर परामर्श जारी किया है।
4. खेत बचाओ अभियान के तहत मायाबंदर में जागरूकता–सह–संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

<><><><><><><><>

द्वीपों के उपराज्यपाल और द्वीप विकास एजेंसी के उपाध्यक्ष सेवानिवृत्त एडमिरल डी के जोशी ने नई दिल्ली के इंडिया हैबिटेट सेंटर में इंडिया फाउंडेशन द्वारा आयोजित सम्मेलन में भाग लिया। 'अंडमान और निकोबार– विकास, सुरक्षा और पारिस्थितिकी' विषय पर आयोजित कार्यक्रम में उपराज्यपाल ने 'विकसित भारत' के दृष्टिकोण के तहत केंद्रशासित प्रदेश द्वारा की गई महत्वपूर्ण प्रगति के बारे में जानकारी दी। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि द्वीप समूह हिंद–प्रशांत क्षेत्र में भारत के समुद्री और रक्षा ढांचे के एक प्रमुख स्तंभ के रूप में तेजी से उभर रहा है। उन्होंने प्रमुख बुनियादी ढांचा पहलों जैसे विश्व स्तरीय पर्यटन सुविधाएं, विमानन बुनियादी ढांचे का विस्तार, अंतर्राष्ट्रीय कंटेनर ट्रांसशिपमेंट पोर्ट और हाल ही में बने दो गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने द्वीपसमूह में आजाद हिंद फौज सेतु और मिडिल स्ट्रेट ब्रिज के निर्माण, ग्रेट निकोबार और श्री विजयपुरम में ग्रीनफील्ड अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे की योजना, आईएनएस बाज़ और आईएनएस कोहासा में रनवे का विस्तार, डिजिटल कनेक्टिविटी, कच्छाल, तेरेसा और निकोबार के लिए प्रस्तावित सबमरीन केबल योजनाओं, सतत विकास और ऊर्जा के क्षेत्र में चल रहे प्रयासों के बारे में भी जानकारी दी। उन्होंने द्वीप समूह में प्राकृतिक गैस की खोज से इसकी पुष्टि पर भी प्रकाश डाला।

<><><><><><><><>

भारत एआई मिशन ने कल वार्या नामक एक वीडियो मॉडल की शुरूआत की। इससे कम खर्च पर प्रासंगिक और अत्याधुनिक वीडियो बनाए जा सकेंगे। नई दिल्ली में इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के सचिव एस. कृष्णन ने कहा कि भारत एआई मिशन के अंतर्गत समर्थित मॉडलों में से एक का

शुरू होना देश की एआई यात्रा में महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि वार्या अनुसंधान–आधारित क्षमता निर्माण का प्रतिनिधित्व करता है। यह स्वदेशी एआई क्षमताओं को विकसित करने और डीप–टेक इकोसिस्टम को बढ़ावा देने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। श्री कृष्णन ने कहा कि मूलभूत मॉडलों के लिए रणनीतिक समर्थन के माध्यम से, सरकार बड़े पैमाने पर नवाचार को सक्षम बना रही है और अगली पीढ़ी के एआई समाधानों के लिए बुनियाद तैयार कर रही है। मंत्रालय ने बताया कि वार्या को भारत एआई मिशन के सहयोग से एआई कंपनी अवतार ने विकसित किया है।

<><><><><><><>

नेताजी स्टेडियम खेल परिसर स्थित स्विमिंग पूल को कल से निर्धारित समय और नियमों के अनुसार सदस्यों और गैर–सदस्यों दोनों के नियमित उपयोग के लिए फिर से खोल दिया जाएगा।

<><><><><><><>

चलचित्र–अंडमान निकोबार फिल्म फेस्टिवल के अंतर्गत मानव सर्वेक्षण विभाग में फिल्मों के प्रदर्शन किए जा रहे हैं। यह फिल्म महोत्सव सूचना, प्रचार और पर्यटन निदेशालय द्वारा राष्ट्रीय फिल्म विकास निगम के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। इसी क्रम में आज दिन में 11 बजे से आट्टम और शाम साढ़े पांच बजे से सांड की आंख फिल्म का प्रदर्शन किया जाएगा। यह महोत्सव 21 जून तक जारी रहेगा।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार पुलिस ने पुलिस भर्ती में फर्जीवाड़े को लेकर परामर्श जारी किया है। पुलिस ने बताया कि कुछ असामाजिक तत्व अपनी पहुंच और प्रभाव का झूठा दावा कर उम्मीदवारों को चयन का भरोसा दिलाकर उनसे पैसे की मांग कर सकते हैं। विभाग ने स्पष्ट किया है कि भर्ती प्रक्रिया में किसी भी व्यक्ति या संस्था का कोई प्रभाव नहीं है और चयन पूरी तरह से निष्पक्ष, पारदर्शी एवं योग्यता आधारित है। पुलिस ने उम्मीदवारों से ऐसे लोगों के झांसे में न आने और किसी भी तरह की धोखाधड़ी की जानकारी तुरंत साझा करने की अपील की है।

<><><><><><><>

मध्योत्तर अंडमान जिले के मायाबंदर में कृषि विज्ञान केंद्र, निंबुडेरा और आत्मा के सहयोग से खेत बचाओ अभियान के तहत जागरूकता–सह–संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर कृषि निदेशक देबब्रत बसंतिया ने अभियान के मुख्य उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए किसानों से अनुशंसित खुराक के अनुसार उर्वरकों और कीटनाशकों का सही तरीके से उपयोग करने का आग्रह किया। उन्होंने किसानों

को उत्पादकता बढ़ाने के लिए जैव–उर्वरक और जैव–कीटनाशकों को अपनाने और मिट्टी की उर्वरता व गुणवत्ता में सुधार के लिए ढैंचा और सनहेम्प जैसी हरी खाद वाली फसलों के उपयोग पर बल दिया। इसके अलावा, उन्होंने किसानों को आगामी खरीफ सीजन के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में नामांकन करने के लिए भी प्रेरित किया। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, कृषि भवन, नई दिल्ली के विस्तार निदेशालय (आत्मा) की उप निदेशक एस. भानुमति ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से इस अभियान को लागू करने के सरकार के जनादेश और वर्तमान कृषि परिदृश्य में इसके महत्व के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने केंद्र शासित प्रदेश के किसानों से फसल की आवश्यकताओं के अनुसार संतुलित उर्वरक मात्रा अपनाने का आग्रह किया। इस अभियान में कुल 46 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

<><><><><><><>

कार निकोबार में अस्मिता साइक्लिंग लीग चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। इस चैंपियनशिप में कुल 56 महिला साइकिल चालकों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में आई. एस. ब्रिडनी ने प्रथम स्थान प्राप्त कर चैंपियन का खिताब जीता, जबकि विन्नी मार्टिना को दूसरा, नमिता वॉयलेट को तीसरा, और प्रिंसी एंजेल को चौथा स्थान प्राप्त हुआ। विजेताओं को पदक, प्रमाण पत्र और नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर साइक्लिंग एसोसिएशन ऑफ अंडमान निकोबार आइलैंड्स के अध्यक्ष ने भविष्य में आयोजित होने वाले अस्मिता साइकिलिंग लीग में प्रतिभागियों को भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया।

<><><><><><><>

पेन्चक सिलाट एसोसिएशन ऑफ अंडमान निकोबार आइलैंड्स की ओर से श्री विजयपुरम में हाल ही में पहला राज्य पेन्चक सिलाट चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। इस दो दिवसीय चैम्पियनशिप में पूरे द्वीपसमूह से 160 से अधिक एथलीटों ने भाग लिया। इस अवसर पर अतिथियों ने इस टूर्नामेंट के आयोजन और क्षेत्र में मार्शल आर्ट्स को बढ़ावा देने के लिए प्रतिभागियों को प्रोत्साहित किया।

<><><><><><><>

समाचार पत्रों की सुर्खियां

उप–राज्यपाल द्वारा इंडिया फाउंडेशन, की ओर से नई दिल्ली में आयोजित सम्मेलन को संबोधित करने के समाचार को द डेली टेलीग्राम्स और द्वीप समाचार ने अपनी बड़ी खबर बनाते हुए सचित्र प्रकाशित किया है। इसके अलावा अखबार ने चलचित्र–अंडमान निकोबार फिल्म फेस्टिवल–2026 के अंतर्गत फिल्म प्रदर्शन करने के समाचार को भी प्रमुखता से छापा है। अंडमान एक्सप्रेस अंग्रेज़ी ने मध्योत्तर अंडमान में

बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा और राहत उपायों की समीक्षा करने के समाचार को अपने अखबार में जगह दी है। इंफो इंडिया ने बीओसीडब्ल्यू वेलफेयर बोर्ड की ओर से डिगलीपुर में निर्माण श्रमिकों के लिए जागरूकता और पंजीकरण शिविर आयोजित करने के समाचार को पहले पन्ने पर छापा है, जबकि द इको ऑफ इंडिया ने सचिवालय मार्ग में पेड़ के गिरने के समाचार को प्रमुखता से छापा है।

**<><><><><><><>**